आदेश | नवभारत की खबर पर संज्ञान लेते हुए बनी जांच टीम

# किराए के शिक्षक मामले में जांच के आदेश

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में नवभारत की खबर का एक बड़ा असर देखने को मिला है जहां जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दिनों 24 अगस्त को नवभारत में प्रकाशित खबर किराए का शिक्षक चला रहा सरकारी विद्यालय पर संज्ञान लेते हुए प्राथमिक शाला कोटरी की जांच के आदेश जारी किए गए, नवभारत की मुहिम से नरसिंहपुर जिले में दूरस्थ वन ग्रामों में चल रहे शासकीय विद्यालयों में सुधार आएगा एवं वनग्राम में रहने वाले आदिवासी विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी।




## किस मामले में दिए जांच के आदेश

छोटा तेंदूखेड़ा संकुल अंतर्गत वनग्राम कोटरी के प्राथमिक शाला कोटरी में पदस्थ अध्यापिकाओं के द्वारा गांव के ही एक 12वीं पास युवक को नौकरी पर रखकर विद्यालय संचालित करवाया जा रहा था एवं दोनों शिक्षिकाएं कभी-कभार ही विद्यालय जाती थी, यह कम कई महीनो से लगातार जारी था और वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा लगातार शिक्षिकाओं की हाजिरी मानकर उनका वेतन उनके खातों में भेजा जा रहा था। ग्रामीणों से प्राप्त सूचना के आधार पर नवभारत की टीम ने ग्राम कोटरी का दौरा किया और वास्तव में मौके पर दोनों शिक्षिकाएं नहीं मिली जबकि किराए का शिक्षक राम सिंह बच्चों को पढ़ाते हुए मिला, दूसरे दिन जाकर जब नवभारत टीम ने संकुल प्राचार्य से बात की गई तो वह गोल-गोल जवाब देते नजर आए, मामला जिला शिक्षा अधिकारी के संज्ञान में आने के बाद पूरे मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं।

## कैसे करेगा जांच दल कोटरी में जांच

मीडिया सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार संकुल प्राचार्य सत्येंद्र कौरव ने एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए बताया है कि जांच का एक आदेश प्राप्त हुआ है जिसके तहत प्राथमिक शाला कोटरी का निरीक्षण किया जाना है, मामला बेहद गंभीर और अनियमितता पूर्ण है, इसमें जांच दल प्राथमिक शाला कोतरी का दौरा करेगा साथ ही ग्राम के सरपंच, पंच और ग्रामीणों से भी विद्यालय में पदस्थ शिक्षिकाओं के संबंध में बात करेगा, इसके अलावा विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों से बात की जाएगी, इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर उन सभी लोगों से बातचीत की जाएगी जो सीधे तौर पर विद्यालय से संबंधित है उसके बाद मामले की वस्तुस्थिति को जान प्रतिवेदन बनाकर वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जाएगा।

## कौन कौन करेगा मामले की जांच

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निर्देश पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी चीचली के द्वारा 29 अगस्त 2025 को जांच आदेश जारी किया गया है जिसके अनुसार संकुल प्राचार्य तेंदूखेड़ा (गोटी), विकासखंड प्रशासनिक समन्वयक चीचली एवं जनशिक्षक तेंदूखेड़ा (गोटी) को दो कार्य दिवसों में यानी 1 सितंबर 2025 तक जांच कर अपना प्रतिवेदन विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपना है, इसके बाद वरिष्ठ कार्यालय की तरफ से जांच प्रतिवेदन के आधार पर विद्यालय से गायब रहने वाली और अपने बदले में किराए का शिक्षक रखने वाली दोनों शिक्षिकाओं प्रधान पाठक रोशनी वर्मा और शिक्षिका आयुषी लोहिया पर कार्यवाही की जाएगी।

## इनका कहना है

पूर्व में भी विद्यालय की शिक्षिकाओं को मेरे द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे वर्तमान में भी एक जांच का आदेश विकासखंड शिक्षा अधिकारी की तरफ से दिया गया है जांच के बाद ही कार्यवाही की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

**सतेंद्र कौरव,** संकुल प्राचार्य तेंदूखेड़ा (गोटी)

नवभारत में प्रकाशित समाचार को संज्ञान में लेते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी चीचली के द्वारा एक जांच दल गठित किया गया है जो 1 सितंबर 2025 तक अपना प्रतिवेदन विकासखंड शिक्षा अधिकारी चीचली सौंपेगा, प्रतिवेदन के आधार पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

**संदीप नेमा,** जिला शिक्षा अधिकारी

मामले में प्रतिवेदन मंगाया गया है, प्रतिवेदन के आधार पर नियम संगत कार्यवाही की जाएगी।

**दलीप सिंह,** जिला पंचायत सीईओ

# यातायात के लिये नासूर सब्जी बाजार




**नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** नगर में वाहन मालिकों से लेकर यातायात व्यवस्था की सच्चाई किसी से छिपी नही है। क्यों कि शहर के मुख्य मार्गो से लेकर कुलियों व कालोनियों में फैला हुआ अतिक्रमण जहां यातायात के लिये बाधक बन रहा है तो दूसरी ओर वाहन मालिकों की मनमानी का नजारा इस तरह से देखने मिलता है कि वह अपने घरों के सामने मुख्य मार्गो पर जिस तरह बड़े बडें वाहनों को खड़ा करते देते है जो कई दिनों तक एक ही स्थान पर खड़े रहने के कारण जहां यातायात के लिये बाधक बनने से नही चूक पा रहे है।

वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस तरह सड़को पर अघोषित रूप से कब्जा करते हुये वाहन खड़े करने वाले नगर के अनेक प्रभावशाली लोग होने के कारण प्रशासन के अधिकारी भी इनके खिलाफ कार्यवाही करने की हिम्मत नही जुटा पाने के कारण वह भी सोचते है कि जैसा चल रहा है वैसा चलता रहे अपने क्या लेना है। मगर इसका परिणाम आम जनता के लिये भोगने के लिये मजबूर होना पड़ता है। जहां तहां जाम की स्थिति बनने के कारण लोग परेशान होते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर यदि शहर के अंदर से हटकर दूसरी जगह की चर्चा की जावे तो नगर के पलोटन गंज क्षेत्र यानि की जमाड़ा रोड़ टेलीफोन एक्सचेंज व रेल्वे स्टेशन मार्ग यानि की चीचली तिरहा के पास लगने वाला साप्ताहिक सब्जी बाजार पूर्णरूप से यातायात व्यवस्था के लिये जहां नासूर साबित होते हुये जान पड़ रहा है तो दूसरी ओर इस बाजार में रोजी रोटी कमाने की सोच से आने वाले दुकानदारों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पा रही है। नगर के टेलीफोन एक्सजेंच के पास प्रति साप्ताहिक यानि की शुक्रवार को लगने वाले इस सब्जी बाजार का हाल इस तरह से देखने मिलता है। कि यहां पर कोई उपयुक्त जहां नही होने के कारण जहां सभी दुकानदार अपनी दुकाने मुख्य मार्ग के दोनों ओर लगाते है और सामग्री खरीदने के लिये पहुंचने वाले ग्राहक सड़क पर खड़े होकर ही खरीदारी करने के कारण शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक यहां की स्थिति इस तरह बन जाती है कि लोगों को वाहन निकलने की बात तो दूर पैर रखने के लिये जगह मिल पाना भी मुश्किल हो जाता है। यह स्थान गाडरवारा से बारहाबड़ा की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग होने के कारण इस गांवों से दर्जनों गांवों के लोग प्रतिदिन शहर अपने बडे बडे वाहनों से आना जाना करते है तो दूसरी ओर क्षेत्र के अनेक गांवों के किसानों के ट्रेक्टर ट्राली भी इसी मार्ग से निकलते हुये देखे जाते है।



# केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस जन शिक्षा केंद्र कन्या विद्यालय तेंदूखेड़ा में अगस्त का शिक्षकों के लिए शैक्षिक संवाद संपन्न हुआ। इसमें शैक्षिक संवाद कक्षा 6 से 8 के लिए नोडल अधिकारी जन शिक्षक त्रिलोक जैन और सहजकर्ता सतीश साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । प्रतिभागी के रूप में शिक्षक घनश्याम उपाध्याय लक्ष्मी विश्वकर्मा सूर्यकांत पाठक तुलसीराम चौधरी छत्रपाल पटेल पुरुषोत्तम मेहरा अनिरुद्ध श्रीवास्तव श्रीमती चैनबाई जाटव श्रीमती ज्योति जाटव की उपस्थित रही। शैक्षिक संवाद कक्षा 3 से 5 के लिए नोडल अधिकारी जन शिक्षक जगन्नाथ सिलावट और सहजकर्ता के रूप में अमित चौरसिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतिभागी के रूप में राजकुमार श्रीवास्तव राजकुमार दुबे मोहन पटेल अनिल श्रीवास्तव नीरज पटेल मुकेश पटेल विकास तिवारी रामकुमार कौरव रोहित अग्रवाल नीलकंठ जाटव की उपस्थिति रही।

# व्याख्यान तथा प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन




**नरसिंहपुर।** में प्रभारी प्राचार्य डॉ.एस.के.उपरेलिया के मार्गदर्शन और राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी कुमारी, सह प्रभारी प्रो. प्रीति कौरव एवं छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अमित ताम्रकार , पूर्व प्रभारी डॉ.जी. एस.मर्सकोले के नेतृत्व में सद्भावना पखवाडा के अंतर्गत आज दिनांक 30/08/2025 को सदभावना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें व्याख्यान तथा प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने सद्भावना पर अपने विचार व्यक्त किये। विधि विभाग के डॉ.भरत ठाकुर ने बताया की सभी को दूसरों के प्रति सदभावना रखना चाहिए, कोई भी काम ऐसा करना चाहिए की जिससे किसी और को कोई नुकसान हो। प्रभारी प्राचार्य डॉ.एस.के.उप्रेलिया ने बताया की निःस्वार्थ भाव से सेवा करना ही सद्भावना है। प्रशासनिक अधिकारी डॉ मनीष अग्रवाल ने सद्भावना पखवाड़े की प्रासंगिकता की चर्चा की। छात्र ईकाई अधिकारी डॉ.अमित ताम्रकार ने सद्भावना पाखवाड़े के अवसर पर सभी स्वयंसेवकों को राजीव गांधी के सद्भावना संबंधी विचारों के बारे में प्रकाश डाला। छात्रा ईकाई अधिकारी डॉ.रानी कुमारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्य के बारे में बताया और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के कार्य एवं जीवन शैली के बारे में स्वयंसेवकों को बताया और कहा की सभी को राजीव गांधी जी से

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**गोटेगांव।** पुलिस थाना गोटेगांव के कमती इमलिया गांव के पास सड़क दुर्घटना में गुमताबाई विश्वकर्मा 42 साल निवासी चांदनखेड़ा की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग प्रकरण कायम करके पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की है।

## हादसे में ग्रामीण की मौत

**गोटेगांव।** बीते दिनों पुलिस ने खमरिया गांव निवासी चौ. नरवर सिंह पटेल 75 साल की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने पर मर्ग प्रकरण कायम किया। पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई पूरी कर मामले को जांच में लिया है। घटना गुरूवार की बताई जा रही है।

# केबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने दी बड़ी सौगात



**गाडरवारा ।** मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री और क्षेत्रीय विधायक उदय प्रताप सिंह ने नरसिंह वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस भवन के निर्माण से पटेल वार्ड, शहीद भगत सिंह वार्ड, माता वार्ड, और नरसिंह वार्ड के निवासियों को फायदा मिलेगा सामुदायिक भवन में शादी-विवाह, जन्म उत्सव, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन सहित अन्य सामाजिक कार्यक्रम किये जा सकेंगे । मांग पूरी होने पर खुशी जाहिर करते हुए शिव सत्ता मंडल और देव शंकर मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि इस सामुदायिक भवन की मांग समिति ने की थी । जिसे मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पूरा कर क्षेत्रवासियों के लिए बहुत बड़ी सौगात दी है। स्थानीय निवासियों ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और इस पहल की सराहना की। यह सामुदायिक भवन न केवल वार्ड वासियों के लिए सुविधाजनक होगा, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा ।

## एक नजर में



### जनाकर्षण का केंद्र बनीं गणपति की प्रतिमा

**तेंदूखेड़ा।** दस दिनों तक चलने वाले विघ्नेश्वर प्रथम देव श्री गणेश जी का महापर्व संपूर्ण क्षेत्र में भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। वहीं समीपी ग्राम मदनपुर में गांव के ही नीरज केवट के द्वारा निर्मित की गई श्री राधा कृष्ण रोल गणपति जी तथा ऋद्धि सिद्धि की मूर्ति जनाकर्षण का केंद्र बनीं हुई है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन लाभ ले रहे हैं तथा पूजन एवं आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहें हैं।



### बेटियों की शिक्षा व सम्मान सर्वोपरि : बसेड़िया

**गाडरवारा।** गत दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष मुकेश बसेड़िया ने अपने कार्यालय में राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का जौहर दिखा चुकी स्थानीय कन्या नवीन विद्यालय की छात्राओं कु रोमिल ठाकुर एवं कौशर शेख को मेडल, ट्राफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बसेड़िया ने कहा कि पड़ाई के साथ खेल भी जरुरी है, व बेटियो ने सदैव ही क्षेत्र व देश को गौरवांवित किया है हम बेटियो की शिक्षा व सम्मान को कृत संकल्पित है बड़े ही प्रसन्नता की बात है कि राष्ट्रीय स्तर पर दोनों छात्राओं ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस मौके पर शिक्षक संदर्भ समूह के राजेश गुप्ता,बीएसी पवन राजोरिया,सिराज अहमद सिद्धिकी एवं मधुसूदन पटैल उपस्थित रहे।

### अनिश्चित विद्युत कटौती से नागरिक परेशान

**गोटेगांव।** बीते कुछ दिनों से बिजली की मनमानी कटौती पर रोक नहीं लग रही है, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कटौती सर्वाधिक हो रही है। बिजली आने-जाने का क्रम अनिश्चित रहता है। जिससे बारिश के मौसम में ग्रामीणों को खासी परेशानी हो रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि दिन हो या रात जब चाहे बिजली आपूर्ति खराब हो जाती है। जिससे कामकाज पर भी असर हो रहा है। आपूर्ति में सुधार कराने नगर एवं ग्रामीणों द्वारा मांग की जा रही है।

## राज्य स्तरीय चौपड़ प्रतियोगिता कल से

**तेंदूखेड़ा।** ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने खेल आज भी प्रासांगिक बनें हुए हैं। इनका प्रचलन आज भी जारी है। निश्चित तौर पर इन खेलों से जहां खेल भावना जागृत होती है वहीं एक साथ बैठक और लोगों के बीच मेल-जोल से गांव में भाईचारा कायम रहता है।ऐसा ही एक उदाहरण समीपी ग्राम पंचायत ईश्वरपुर के सरपंच चौ चंद्रभूषण पटेल ने प्रस्तुत किया है जो अपने स्वर्गीय पिता रामनाथ पटेल की पुण्य स्मृति में हर साल चौपड़ प्रतियोगिता को काफी लंबे समय से आयोजन करते चले आ रहे हैं।इस वर्ष यह आयोजन राज्य स्तर पर आयोजित किया जा रहा है।जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 पर स्थित चौधरी गार्डन परिसर में किया जायेगा।एक सितंबर से तीन सितंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद चौ दर्शन सिंह पटेल करेंगे एवं समापन क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के द्वारा किया जायेगा।



# व्यसन मुक्त समाज की दिशा में ग्राम पंचायत ने लिया अर्थदंड का निर्णय

**तेंदूखेड़ा।** व्यसनों से बर्बाद होती युवा पीढ़ी परिवारों में मचते कलह लड़ाई झगड़ों टूटते परिवारों को लेकर ग्राम पंचायत मनकापुर ने शनिवार को एक आवश्यक ग्राम सभा बुलाकर अनूठा निर्णय लिया है। जिसकी ग्रामीण महिलाओं द्वारा सराहना की जा रही है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार पहले गांव में आवश्यक ग्राम सभा को लेकर एक मुनादी कराई गई जिसमें सभी वर्गों के लोगों को उपस्थिति पहुंचने की बात रखी गई। ग्राम पंचायत भवन में पहुंचे सभी लोगों के बीच यह निर्णय लिया गया कि गांव में कोई भी व्यक्ति ना तो शराब बेचेगा और ना ही गांव में शराब या अन्य किसी भी मादक पदार्थ का सेवन करेगा यदि ऐसे करते हुए कोई व्यक्ति पाया जाता है तो उस पर आवश्यक दंड स्वरूप 5100/ अर्थदंड वसूला जाएगा। और भी यदि नहीं मानते हैं तो गांव की हर गतिविधि से वंचित रखा जायेगा।यह निर्णय सभी वर्गों के लोगों की सहमति से ही लिया गया है।इस निर्णय से गांव की महिलाओं ने स्वागत करते हुए व्यसन मुक्त समाज निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होना बताया है।

# जैन मंदिरों में रोज हो रहे धार्मिक आयोजन



**गोटेगांव।** जैन श्रावकों के महापर्व दशलक्षण पर्युषण पर्व पर सभी आठ जैन मंदिरों में प्रति दिन भव्य धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। जैन मुनि 108 प्रबुद्ध सागर ने प्रवचन में कहा कि सच्चे अर्थों में दश लक्षण पर्व संतों के लिए नहीं बल्कि श्रावकों के लिए खास है। यह पर्व उनके शरीर रूपी मशीन को पूर्ण रूप से साफ करने का अवसर है। मुनि महाराजों की तो प्रतिक्षण प्रत्येक पद में अपने उपयोग को शुद्ध करने की क्रिस्या चलती ही रहती है। जैसे आटा पीसने की चक्की चलाते हैं और उसे कुछ दिनों बाद इसलिए साफ करते हैं कि उसका भीतरी साफ हो जाए। ठीक उसी तरह शरीर का भी सिद्धांत है। पर्युषण पर्व के चलते उपवास, व्रत, एकासन करने से शरीर भी भीतर से साफ शुद्ध स्वच्छ, स्वस्थ होकर उपासना का केंद्र बन जाता है। उन्होंने कहा कि दशलक्षण धर्म का पालन करते समय संसार की परिस्थितियों को देखकर श्रावक अपने परिणामों को वीतरागिता से युक्त करता है। वह भावनाओं का चिंतन करता है। क्षमा भाव धारण करते हुए संसार की अनित्य का चिंतन किया जाता है। यह संसार सागर, यह मानव जीवन पानी की बूंद के बुलबुले के समान क्षणिक है। संसार में किसी को नहीं टिकना है। यहां तो हर कोई कुछ दिन के लिए अतिथि है, तो फिर क्षमा भाव क्यों नहीं रखना चाहिए। अहिंसा धर्म का पालन क्यों नहीं करना चाहिए। कर्म सिद्धांत अटल-मुनि ने कहा कि कर्म सिद्धांत अटल है। यहां पर कुछ भी स्थिर नहीं है। संसार की विनश्वरता को देखकर ही साधु की साधना होती है। श्रावकों को धर्म के प्रति स्वार्थ नहीं बल्कि समर्पण रखना चाहिए। श्रावक को देव, धर्म, गुरु ही शरण देते हैं। आपको मरण के समय धर्म ही शरण देता है। गुरु ही शरण देता है। मरण के समय रागियों का साथ आपके कोई काम नहीं आता है। मरण के समय किसी का सहयोग नहीं मिलता है। श्रेष्ठ बात यह है कि मरण करते समय बारह भावना ही काम आती है।

# धन का अर्जन तभी सार्थक है जब उसका उपयोग धर्म के लिए किया



**गोटेगांव।** परमहंसी गंगा आश्रम में धर्मसभा दौरान द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने बाल्मीकी रामायण का पंचवटी प्रसंग सुनाया। कहा कि धर्म का मूल उद्देश्य आत्मकल्याण और समाज कल्याण है। धन का अर्जन तभी सार्थक है जब उसका उपयोग धर्म के लिए किया जाए। धर्म पालन हेतु धन आवश्यक है, परंतु धनार्जन सदैव धर्मसम्मत होना चाहिए। मनुष्य को अपने शरीर की रक्षा केवल भोग के लिए नहीं बल्कि तत्व-जिज्ञासा और ब्रह्ममविद्या की साधना के लिए करनी चाहिए। जहाँ ब्रह्ममविद्या प्रकाशित होती है वही भारत है। वेदान्त कहता है कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर अपूर्व ज्ञान छिपा हुआ है जैसे बल्ब में विद्युत छिपी रहती है। आपने पंचवटी प्रसंग सुनाते हुए कहा कि श्रीराम, सीता और लक्ष्मण जब पंचवटी में निवास कर रहे थे तभी शूर्पणखा वहाँ पहुँची। उसकी दुष्ट प्रवृत्ति को देखकर लक्ष्मण ने उसका नासिका.कर्ण काट दिया। आपने कहा कि जैसे आकाश में पतंग उड़ती है और उसकी डोर कटते ही वह धरती पर गिर जाती है वैसे ही शूर्पणखा की नाक कटने के साथ ही उसका अभिमान और दुष्टता भी धराशायी हो गई। यह प्रसंग बताता है कि अधर्म और कामवासना का परिणाम सदैव अपमान और पतन ही होता है। अपमानित होकर शूर्पणखा ने अपने भाइयों खर, दूषण को उकसाया। वे 14 हज़ार राक्षसों की सेना लेकर युद्ध के लिए आए। भगवान श्रीराम ने अकेले ही सबका संहार कर दिया। शंकराचार्य ने कहा धर्म की रक्षा के लिए कभी-कभी कठोरता आवश्यक होती है। जब अन्याय और अधर्म बढ़ता है तब भगवान स्वयं उसका अंत करते हैं धर्म के बिना धन और राज्य वैभव निरर्थक-प्रसंग में आगे बताया कि शूर्पणखा ने यह समाचार रावण को सुनाया। रावण क्रोध में भरकर सीताहरण का षड्यंत्र रचने लगा और मारीच के पास पहुँचा। रावण ने उसे स्वर्णमृग का रूप धारण करने का आदेश दिया। मारीच ने बहुत समझाया कि यह कार्य हितकारी नहीं है परंतु रावण अपनी दुराग्रह वश नहीं माना। आपने ने कहा कि रामायण का यह प्रसंग हमें सिखाता है कि जब मनुष्य दुराग्रह में आकर सत्य और हितकारी वचनों को अस्वीकार करता है तब उसका पतन निश्चित होता है। मारीच ने उचित परामर्श दिया, परंतु रावण ने उसे नहीं माना और उसी के परिणामस्वरूप लंका का विनाश हुआ। आपने अंत में कहा कि मनुष्य को सदैव धर्ममार्ग पर चलना चाहिए।

## धर्म से ही जीवन

धर्म से ही जीवन की सार्थकता है। धर्म के बिना धन और राज्य वैभव निरर्थक है।जिन का हृदय पवित्र होता है वही भगवत कृपा के अधिकारी-अग्निपीठाधीश्वर महामंडलेश्वर आचार्य रामकृष्णानंद ने कहां कि ईश्वर की कृपा के बिना सत्संग का लाभ अर्जित नहीं हो सकता है। जिन का हृदय पवित्र होता है वही भगवत कृपा के अधिकारी बन पाते है। इस भारत देश में ही ज्ञानी गुरू मिलते है जो गुरू अंधकार जीवन में प्रकाश की रोशनी ला दे वही गुरू कहलाता है, वरना आज कल गली गली में गुरू बनने की लालसा से लोग भ्रमण कर रहे है। सच्चा गुरू वही है जो जीव को 84 लाख योनी के चक्कर से छुटकारा दिला दे। आपने कहा कि मानव संसारी के पास जाएगा तो वह संसार की बात करेगा और जो साधु संतों के पास जाएगा।

# 4 वर्षीय स्नातक ऑनर्स करने के बाद पीजी में पोर्टल पर नहीं है कॉलेज का नाम




**गाडरवारा।** सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू की है, परंतु स्थानीय स्तर पर शैक्षिक संस्थानों में तकनीकी विसंगतियां होने के कारण छात्रों को इसका लाभ अर्जित नहीं हो रहा है। छात्रों ने एक ज्ञापन विगत दिनों पीजी कॉलेज के प्राचार्य एवं भाजपा नेता पवन पटेल को प्रेषित किया गया है। पीजी कॉलेज में अध्यनरत छात्रों का एडमिशन न होने की समस्याओं को देखते हुए भाजपा नेता पवन पटेल ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एवं क्षेत्रीय विधायक, मंत्री उदय प्रताप सिंह को उक्त शिकायत पत्र ईमेल के माध्यम से प्रेषित किया है। पत्र में उल्लेख है कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति एनईपी के अंतर्गत स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में संचालित हो रही है। जिसमें गाडरवारा तहसील के अंतर्गत स्थित शासकीय पी.जी. कॉलेज गाडरवारा में नर्मदापुरम जिले की बनखेड़ी तहसील एवं रायसेन जिले की उदयपुरा तहसील के भी अनेक छात्र अध्ययनरत हैं कुछ दिव्यांग भी है। यहाँ नई शिक्षा नीति एनईपी के प्रथम बैच के बीए, बीकॉम, बीएससी, ऑनर्स विंग के छात्र वर्तमान में अध्ययन कर रहे हैं। 4 साल के यूजी कोर्स अब इन छात्रों को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत ही ऑनर्स विंग से 1 वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना आवश्यक है, लेकिन लम्बे समय से प्रतीक्षा करने के बाद भी शासकीय पी.जी. कॉलेज गाडरवारा का नाम उच्च शिक्षा विभाग के ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर अभी तक उपलब्ध नहीं है।